प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है भारत।
2. देश कल मनाएगा अपना 79वां स्वाधीनता दिवस : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्र को करेंग संबोधित।
3. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के आखिरी दिन लगातार 24 घंटे से अधिक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित हुआ विजन डॉक्यूमेंट–2047 : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– विकसित भारत का इंजन बनगा उत्तर प्रदेश। और
4. प्रदेश भर में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कहा– राज्य सरकार सीएए के तहत पात्र परिवारों को देगी जमीन के पट्टे।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस हमें भारतीय होने के गौरव का विशेष स्मरण

कराते हैं। उन्होंने कहा कि हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया है, जिनसे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली है। हमारे लिये हमारा संविधान और लोकतंत्र सर्वोपरि है। बाइट.....

*भारत भूमि विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है। इसी लोकतंत्र की जननी कहना सर्वतः उचित है। हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसे संस्थाओं का निर्माण किया जिससे लोकतंत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली।*

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में साढ़े छह प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। बाइट.....

*आर्थिक क्षेत्रों में हमारी उपलब्धियाँ साफ साफ देखी जा सकती है पिछले वित्त वर्ष में साढ़े छह प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ने वाले देश है वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के बावजूद घरेलू मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना आयुष्मान भारत के अन्तर्गत अनेक कदम उठाये गये हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत कम समय में ही अग्रणी देश बन गया है। सरकार ने देश की एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिये इंडिया एआई मिशन शुरू किया है। बाइट.....

*सरकार ने देश के ए आई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इंडिया ए आई मिशन शुरू किया है इस मिशन के तहत ऐसे मॉडल विकसित किए जाएंगे जो भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करेंगे हमारी आकांक्षा है कि वर्ष दो हज़ार सौ चालीस तक भारत एक ग्लोबल ए आई हब बन जाए*

राष्ट्रपति ने कहा कि शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा ने एक पूरी पीढ़ी को ऊंचे सपने देखने की प्रेरणा दी है। बाइट.....

*मुझे विश्वास है कि शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा ने एक पूरी पीढ़ी को ऊँचे सपने देखने की प्रेरणा दी है यह अंतरिक यात्रा भारत के आगामी मानव अंतरिक उड़ान कार्यक्रम गगनयान के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी*

राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया है कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिये पूरी तरह से सक्षम सिद्ध होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में इतिहास में दर्ज रहेगा।

——————————

देश कल 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। लाल किले में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग पांच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इस समारोह में प्रदेश के तैंतीस ग्राम प्रधान, चौदह लखपति दीदियां और एक सौ अठहत्तर श्रमिकों सहित कई अन्य लोग भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम विधान भवन के सामने आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस कायक्रम की आज फुल ड्रेस रिहर्सल हुई, जिसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राजधानी लखनऊ सहित बाकी जनपदों में पुलिस अलर्ट मोड पर है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल में मानसून सत्र के चौथे और अंतिम दिन आज विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर 24 घंटे से अधिक चली ऐतिहासिक चर्चा समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पटल पर विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया और सदन ने इसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया। विधानसभा में समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विकसित तब बनेगा, जब हर राज्य अपनी भूमिका निभाएगा और इसमें उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के इंजन के रूप में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ेगा। श्री योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश आर आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मूर्त रूप देना है। इसके लिए अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति की तीन मुख्य थीम तय की गई हैं, जिसमें 12 सेक्टर्स को समाहित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र विकास की अवधारणा ही विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर सकतो है। बाइट.....

*हर विधानसभा क्षेत्र में विकास होना चाहिए। हर जगह योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। बिना भेदभाव के गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ*

*मिले क्योंकि समावेशी और समग्र विकास की अवधारणा ही विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर सकता है।*

**मुख्यमंत्री ने यूपी की आर्थिक प्रगति के आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय जीडीपी में प्रदेश का योगदान 8 फीसदी से बढ़कर 9.5 फीसदी हो गया है। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। विधानसभा में आज बांके बिहारी मंदिर जी न्यास विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। इसी मुददे पर सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। साथ ही विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्यविधानमंडल सदस्य तथा मंत्री सुख सुविधा संशोधन विधेयक 2025 भी पारित हो गया। इसी के साथ सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।**

**इसके अलावा विधान परिषद् में उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध –संशोधन विधेयक 2025 और उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जो मन्दिर न्यास विधेयक समेत दो अन्य विधेयक भी पारित हुए। इसके बाद नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गई।**

———————————

**प्रदेश भर में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विभाजन**

विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोका कुल है। श्री योगी ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश सरकार सीएए के तहत पात्र परिवारों को जमीन के पट्टे और उचित पुनर्वास देगी।

बाइट.....

*उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस बात को सुनिश्चित किया है कि सीएए के अंतर्गत हम उन सभी परिवारों को जो उत्तर प्रदेश के अंदर रह रहे हैं, जिन्होंने विभाजन की त्रासदी या उसके उपरांत पाकिस्तान में, बांग्लादेश में या फिर अफगानिस्तान में। भीषण यातनाओं को सहने के बाद हिंदुस्तान में शरण ली और सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के अंतर्गत वे पात्रता की श्रेणी में आते हैं। उन सबको उनके उचित पुनर्वास की व्यवस्था के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।*

अमरोहा में सूचना विभाग की तरफ से प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

——————————

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्गकल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान

में आयोजित दिव्यांग तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसमें 600 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हुए। अमरोहा, हरदोई, शाहजहांपुर, मैनपुरी और चित्रकूट में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत एक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया।

———————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा और बाराबंकी में घाघरा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

(समाप्त)